भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890 DIGITAL – EPAPER

वर्ष - 01 | अंक - 220 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 02 फरवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4



## बजट फोकस : रक्षा पर बड़ा दांव, आम आदमी को सीधी राहत नहीं

# निर्मला सीतारमण ने पेश किया बजट, डिफेंस बजट 15% बढ़ा, हाईस्पीड रेल और आयुर्वेदिक AIIMS का ऐलान

भीलवाड़ा फोकस @ नई दिल्ली।

केंद्र सरकार का आम बजट रविवार को संसद में पेश कर दिया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने करीब 85 मिनट लंबे बजट भाषण में देश की आर्थिक स्थिति, वैश्विक चुनौतियों और भविष्य की प्राथमिकताओं को रखा, लेकिन आम आदमी को सीधे राहत देने वाला कोई बड़ा ऐलान नहीं किया।

बजट में टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया, हालांकि इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की समय-सीमा बढ़ाकर करदाताओं को राहत जरूर दी गई है। सरकार ने इस बजट को विकास, सुरक्षा और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने वाला बजट बताया है।

### चुनावी राज्यों से दूरी, कोई सीधा लोकलुभावन ऐलान नहीं

वित्त मंत्री लोकसभा में तमिलनाडु की प्रसिद्ध कांजीवरम साड़ी पहनकर पहुंचीं, लेकिन इसी वर्ष चुनाव वाले पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी को ध्यान में रखकर कोई सीधा चुनावी ऐलान नहीं किया गया।

बजट भाषण में नीति और दीर्घकालिक विकास पर ज्यादा जोर रहा।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहला बजट, रक्षा पर बड़ा दांव

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पेश किए गए इस पहले बजट में सरकार ने जियो पॉलिटिक्स और राष्ट्रीय सुरक्षा को अहम बताते हुए रक्षा बजट में बड़ा इजाफा किया है। डिफेंस बजट को 6.81 लाख करोड़ से बढ़ाकर 7.85 लाख करोड़ किया गया है, जो करीब 15.2% की बढ़ोतरी है। सबसे अहम बात यह रही कि हथियारों की खरीद और सेना के आधुनिकीकरण के लिए पूंजीगत खर्च में 22% की वृद्धि की गई है। इस मद में इस बार 2.19 लाख करोड़ खर्च किए जाएंगे।

## बजट की बड़ी घोषणाएं

- इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं
- रिवाइज्ड ITR फाइल करने की तारीख 31 मार्च तक बढ़ी
- कैंसर की 17 दवाओं पर आयात शुल्क खत्म
- 7 दुर्लभ बीमारियों की दवाएं ड्यूटी फ्री
- 7 हाईस्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा
- 3 नए आयुर्वेदिक AIIMS खुलेंगे
- 5 मेडिकल हब बनेंगे, मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा
- टियर-2 और टियर-3 शहरों पर 12.2 लाख करोड़ खर्च
- 15 हजार स्कूलों व 500 कॉलेजों में कंटेंट क्रिएटर लैब्स
- देश के करीब 800 जिलों में बालिका हॉस्टल
- हाईस्पीड रेल से बदलेगा सफर का नक्शा
- बजट में 7 हाईस्पीड रेल कॉरिडोर घोषित किए गए हैं, जिनमें मुंबई-पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-बेंगलुरु, हैदराबाद-चेन्नई, चेन्नई-बेंगलुरु, दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलिगुड़ी शामिल हैं।

# राजस्थान को बजट में 'शून्य', दिल्ली दौरे बेअसर : डोटासरा

## तीन साल चुनाव नहीं, इसलिए एक रुपया भी नहीं मिला

भीलवाड़ा फोकस @ सीकर।



केंद्र सरकार के बजट को लेकर राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बड़ा राजनीतिक हमला बोला है। उन्होंने बजट को राजस्थान के लिए पूरी तरह निराशाजनक बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के बार-बार दिल्ली दौरे के बावजूद राज्य को एक भी विशेष पैकेज या तोहफा नहीं मिल सका। डोटासरा ने दो टूक कहा कि राजस्थान में अगले तीन साल चुनाव नहीं हैं, इसी वजह से केंद्र ने राज्य को फूटी कौड़ी तक नहीं दी। रविवार को सीकर स्थित अपने आवास पर मीडिया से बातचीत में डोटासरा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दो साल में करीब 60 बार दिल्ली गए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्रियों और अमित शाह से मुलाकात की, लेकिन राजस्थान के हिस्से में कुछ भी नहीं आया। इतनी यात्राओं के बाद भी अगर राज्य खाली हाथ रह जाए, तो सवाल उठना स्वाभाविक है ।

### गरीब, किसान और कर्मचारियों के लिए बजट में कुछ नहीं

डोटासरा ने आरोप लगाया कि बजट में गरीब, दलित, पिछड़े वर्ग, ग्रामीण इलाकों और किसानों के लिए कोई ठोस राहत नहीं है। कर्मचारियों को इनकम टैक्स स्लैब में राहत की उम्मीद थी, लेकिन वहां भी निराशा हाथ लगी। उन्होंने कहा कि सरकार रोजगार देने के बड़े-बड़े दावे करती रही, लेकिन बजट में रोजगार सृजन को लेकर कोई ठोस घोषणा नजर नहीं आई।

### ईआरसीपी, पर्यटन और जल जीवन मिशन भी उपेक्षित

पीसीसी चीफ ने कहा कि राजस्थान जैसे जल-संकटग्रस्त राज्य के लिए न ईआरसीपी, न जल जीवन मिशन और न ही पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई विशेष पैकेज दिया गया। मानगढ़ धाम, हष्टत्रक्क राष्ट्रीय परियोजना और बांसवाड़ा रेल परियोजना जैसे मुद्दों पर भी बजट पूरी तरह खामोश रहा। प्रधानमंत्री ने खुद राजस्थान में घोषणाएं की थीं, लेकिन बजट में उनका नाम तक नहीं ।

### शेयर बाजार की गिरावट ने खोली बजट की पोल

डोटासरा ने शेयर बाजार में आई गिरावट का जिक्र करते हुए कहा कि अगर किसी देश के बजट के बाद बाजार गिरता है, तो साफ है कि बजट जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। उन्होंने कहा कि आज हालात ऐसे हैं कि लोगों को रोजगार नहीं, कर्मचारियों की तनख्वाह आधे महीने में खत्म हो जाती है और बाकी दिनों का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है।

### 'पर्ची' भी नहीं मिली, इसलिए सब शून्य

डोटासरा ने विधानसभा चुनाव के बाद की राजनीति पर तंज कसते हुए कहा कि जिस तरह चुनाव के बाद 'पर्ची' से मुख्यमंत्री बनाया गया, अगर वैसी ही कोई पर्ची इस बजट में भी मिल जाती तो शायद राजस्थान को कुछ तो मिलता। 'लेकिन इस बार तो वह पर्ची भी नहीं मिली, इसलिए नतीजा पूरी तरह शून्य रहा ।

### 2047 का सपना दिखाकर आज की परेशानी से आंख मूंद रही सरकार

भाजपा नेताओं द्वारा बजट को ऐतिहासिक बताए जाने पर डोटासरा ने कहा कि उन्हें आलाकमान को खुश रखने के लिए ऐसा कहना पड़ता है। वे कहेंगे कि 2047 में भारत विकसित हो जाएगा, लेकिन आज लोगों के पास रोटी, रोजगार और राहत नहीं है ।

### चुनावी राज्यों पर फोकस, राजस्थान उपेक्षित

डोटासरा ने आरोप लगाया कि बजट में उन राज्यों को तरजीह दी गई है, जहां जल्द चुनाव होने हैं। राजस्थान में तीन साल चुनाव नहीं हैं, इसलिए हमारे हक के जीएसटी हिस्से तक पर चुप्पी साध ली गई ।

# बजट को लेकर प्रतिक्रियाएं

## सबका साथ सबका विकास विजन को साकार करने वाला बजट




**भीलवाड़ा** सांसद दामोदर अग्रवाल ने 2026 के आम बजट को जनता उम्मीद पर खरा उतरने वाला बजट बताया। उन्होंने कहा यह बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन सबका साथ सबका विकास को मूर्त रूप देने वाला है। सांसद ने अभिनंदनीय बजट प्रस्तुत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया। सांसद ने कहा कि आज पेश हुए केंद्रीय बजट में चैलेंज मोड में मेगा टेक्सटाइल पार्क, टेक्सटाइल लेबर इंसेंटिव स्कीम और नेशनल हैंडलूम व हैंडीक्राफ्ट प्रोग्राम की घोषणा व कृतिम फाइबर के लिए राष्ट्रीय फाइबर योजना से राजस्थान में भीलवाडा उद्यमियों में खुशी की लहर फेल गई।राजस्थान का भीलवाड़ा जिला कपड़ा उद्योग में सिरमौर है और बजट घोषणा में प्रस्तावित मेगा टेक्सटाइल पार्क की स्थापना होने से वस्त्रनगरी के कपड़ा उद्योग को पंख लगने तय हैं। अग्रवाल ने केंसर व मधुमेह रोगियों को सस्ती दवाइयों को भी बड़ी राहत बताया।

## बजट में टैक्स से ज्यादा प्रक्रिया पर फोकस : सीए आशिता



**सीए** आशिता विजयवर्गीय ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन रिवाइज्ड इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की समय-सीमा 31 मार्च तक बढ़ाना करदाताओं के लिए बड़ी राहत है। इससे करदाताओं को अनजानी त्रुटियों को सुधारने का अतिरिक्त समय मिलेगा। उन्होंने कहा कि कर प्रक्रियाओं के सरलीकरण और डिजिटल सिस्टम को मजबूत करने से नौकरीपेशा वर्ग और मध्यम वर्ग को रिटर्न फाइलिंग में सुविधा मिलेगी और अनावश्यक पेनल्टी से बचाव होगा।

## इलाज सस्ता करने की दिशा में अहम कदम : एडवोकेट जैन



**एडवोकेट** अभिषेक जैन ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दुर्लभ बीमारियों और कैंसर की दवाओं को आयात शुल्क से मुक्त करना स्वास्थ्य क्षेत्र में सराहनीय और जनहितकारी कदम है। इससे इलाज की लागत कम होगी और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus


भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

## उद्योग, व्यापारी और आमजन को राहत देने वाला बजट : मेवाड़ा



**भाजपा** जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने केंद्रीय बजट 2026-27 को ऐतिहासिक और समावेशी बताया। उन्होंने कहा कि टेक्सटाइल सेक्टर, माइनिंग, एमएसएमई और टियर-2 व टियर-3 शहरों के विकास से भीलवाड़ा को सीधा लाभ मिलेगा। निर्यात अवधि बढ़ाने, मशीनरी उन्नयन और डिजिटल प्रक्रियाओं के सरलीकरण से उद्योग, व्यापारी और आम नागरिक को राहत मिलेगी।

## युवा-किसान-महिला हितैषी है केंद्रीय बजट 2026 : विधायक खंडेलवाल



**मांडलगढ़** विधायक गोपाल खण्डेलवाल ने बजट पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और अधिक मजबूती प्रदान करता है।

विधायक ने कहा कि बजट में युवा, महिला, किसान एवं गरीब वर्ग के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी गई है, जो देश को विकसित राष्ट्र की दिशा में आगे ले जाने वाला है। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास से जुड़े प्रावधान आने वाले वर्षों में सकारात्मक परिवर्तन लाएंगे। खंडेलवाल ने कहा कि यह बजट 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की भावना को साकार करता है और भारत के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखता है।

## आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सशक्त कदम : विधायक मीणा



**जहाजपुर** विधायक गोपीचंद मीणा ने जनसंवाद केंद्र पर बजट को लेकर कहा की प्रधानमंत्री मोदी एवं वित्त मंत्री के नेतृत्व में पेश किया गया बजट विकास, जनकल्याण और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदम साबित होगा जो आमजन,किसान,युवा और महिलाओं के हितों को मजबूती प्रदान करेगा।

## करदाताओं का भरोसा बढ़ाने वाला बजट : सीए लविश



**सीए** लविश चावला ने कहा कि बजट 2026-27 में आयकर स्लैब में भले ही तत्काल बदलाव नहीं किया गया हो, लेकिन कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और करदाता-हितैषी बनाने की दिशा में यह एक सकारात्मक कदम है। नए इनकम टैक्स एक्ट 2025, रिवाइज्ड रिटर्न की समय-सीमा बढ़ाने, टीडीएस-टीसीएस प्रक्रियाओं के सरलीकरण और अनावश्यक प्रोसिक्यूशन हटाने से वेतनभोगी, पेशेवर और छोटे करदाताओं को राहत मिलेगी। कुल मिलाकर यह बजट विवाद-मुक्त और भरोसेमंद कर व्यवस्था की मजबूत नींव रखता है।

# शाहपुरा में महाप्रभु स्वामी रामचरण जी महाराज का 307वां प्राकट्य महोत्सव श्रद्धा व उल्लास से मनाया गया

## धर्मसभा में आचार्यश्री का संदेश राम है तो राष्ट्र है, राष्ट्र है तो राम है युवाओं से राष्ट्रप्रेम और संस्कृति संरक्षण का आह्वान










**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के प्रवर्तक महाप्रभु स्वामी रामचरण जी महाराज का 307वां प्राकट्य महोत्सव रविवार को शाहपुरा में श्रद्धा, उत्साह व उल्लास के वातावरण में भव्य रूप से मनाया गया। रामनिवास धाम में रामस्नेही संप्रदाय के पीठाधीश्वर जगतगुरू आचार्यश्री स्वामी रामदयालजी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस ऐतिहासिक आयोजन का संयोजन अखिल भारतीय विजयवर्गीय मेवाड़ महासभा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर बारादरी में संत रामनारायण देवास, संत जगवल्लभराम महाराज, संत नवनिधराम महाराज सहित अनेक संत-महात्मा उपस्थित रहे। रामनिवास धाम में अलसुबह आरती-वंदना एवं समाधि पूजन के साथ कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ।

इसके पश्चात नया बाजार स्थित राममेडिया से 398 भोग थालों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में विजयवर्गीय समाज के बंधु, महिलाएं तथा बड़ी संख्या में



रामस्नेही अनुरागी शामिल हुए। श्रद्धालु महिला-पुरुष नाचते-गाते, जयघोष करते हुए आगे बढ़ रहे थे।

हाथी-घोड़े, बैंड-बाजे, छत्र-चंवर एवं शाही लवाजमे के साथ निकली शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई रामनिवास धाम पहुंची। शोभायात्रा के रामनिवास धाम में प्रवेश करते ही पूरा परिसर भक्तिरस से सराबोर हो गया। नगरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा के समापन के बाद रामनिवास धाम की बारादरी में विशाल धर्मसभा का आयोजन हुआ। धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्यश्री स्वामी रामदयालजी महाराज ने कहा कि राम है तो राष्ट्र है और राष्ट्र है तो राम है, दोनों आत्मा और शरीर के समान हैं। उन्होंने कहा कि भारत को हिन्दू राष्ट्र, धर्म राष्ट्र और संस्कृति राष्ट्र बनाने का संकल्प प्रत्येक नागरिक को लेना होगा। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से गौरवपूर्वक यह कहने का आह्वान किया कि 'हम हिन्दू हैं।

आचार्यश्री ने कहा कि जब धर्मध्वजा गगन में लहराती है, तब नगर, प्रदेश और राष्ट्र का निरंतर विकास होता है। संतों का आगमन किसी भी नगर को तीर्थ बना देता है। युवाओं को राष्ट्रप्रेम का आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरु पुष्प समान होते हैं और शिष्य को मधुमक्खी बनकर उस सुगंध को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

पीठाधीश्वर आचार्यश्री ने महाप्रभु स्वामी रामचरण जी महाराज के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रामस्नेही संप्रदाय का उद्देश्य केवल रामजप करना ही नहीं, बल्कि राष्ट्र का मंगल करना भी है। उन्होंने कहा कि रा से राष्ट्र और म से मंगल होता है।

इस अवसर पर अखिल भारतीय विजयवर्गीय मेवाड़ महासभा के अध्यक्ष घनश्याम विजयवर्गीय, महामंत्री श्यामसुंदर विजयवर्गीय एवं जयंती संयोजक कैलाश विजयवर्गीय के नेतृत्व में आचार्यश्री का अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा में लाए गए 398 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप वितरित किया गया।शाहपुरा।

पूरा शाहपुरा नगर रामनाम और राष्ट्रभावना से गूंज उठा और प्राकट्य महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण बन गया।

# शादी के लिए जुटाई नकदी पर हाथ साफ, ऑटो पार्ट्स दुकान में बड़ी चोरी



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के बाईपास क्षेत्र में ऑटोमोबाइल दुकान में रविवार अलसुबह अज्ञात चोर ने सुनियोजित तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मास्क और ग्लव्स पहनकर आए चोर ने शटर का ताला तोड़ा, मोबाइल की लाइट के सहारे अंदर घुसा और करीब सवा लाख रुपये नकद चोरी कर फरार हो गया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।

यह वारदात नाकोड़ा ऑटोमोबाइल पर हुई है। दुकानदार अर्पित वीरानी ने बताया है की चोर को नकदी की पूरी जानकारी थी। सामने और पीछे के ड्रॉअर तोड़कर नकदी निकाली गई, जबकि दुकान में रखे महंगे ऑटो पार्ट्स व इलेक्ट्रॉनिक सामान को हाथ नहीं लगाया गया।

सुबह स्टाफ के पहुंचने पर ताला टूटा मिला, जिसके बाद सदर थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नला का माताजी मंदिर में दानपात्र खोला, 28 हज़ार 773 रुपये निकले







**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

**( नरेश धाकड़ )** धार्मिक तीर्थ स्थल नला का माताजी मंदिर में दानपात्र खोला गया। इस दौरान दानपात्र से कुल 28 हज़ार 773 रुपये की राशि प्राप्त हुई। दानपात्र खोलने की प्रक्रिया मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों की मौजूदगी में पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न की गई। मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि दानपात्र से प्राप्त संपूर्ण राशि का उपयोग मंदिर के विकास एवं सुविधाओं के विस्तार में किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष शंकर लाल धाकड़, सदारामजी का खेड़ा पंचायत के प्रशासक कैलाश धाकड़, प्रकाश गुर्जर, मोडू धाकड़, राजू मीना, जीतमल धाकड़ सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने देखा 89वें केंद्रीय बजट का लाइव प्रसारण

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**रमेश गुर्जर** भारतीय जनता पार्टी मण्डल केंद्र बिजौलिया पर मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र बंजारा के नेतृत्व में बूथ अध्यक्ष धर्म पंवार के निवास पर केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत 89वें केंद्रीय बजट का लाइव प्रसारण देखा गया।इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र बंजारा ने बजट को आमजन के हित में समर्पित बताया । कार्यक्रम में पूर्व पंचायत समिति सदस्य हितेंद्र राजोरा, जिला परिषद प्रत्याशी बिट्ठल तिवारी, कमलेश कोली, चेतन पंवार, पुरुषोत्तम महावार, मुकेश सिंह,



धर्मराज खटीक, राजू अहीर, अमित जैन, निलेश चित्तौड़ा सहित कई भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मीणा समाज की बैठक हुई आयोजित, 20वें सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर हुई चर्चा

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**मानव तिवाड़ी।** मीणा समाज के 20वें सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर रविवार को नगर स्थित छात्रावास में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रकाश बेनाडा ने की। बैठक में आगामी सामूहिक विवाह सम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान वर-वधू के पंजीयन की प्रक्रिया शुरू करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया तथा अधिक से अधिक पात्र जोड़ों के पंजीयन पर जोर दिया गया। बैठक में समाज के कई भामाशाहों ने सम्मेलन के लिए आर्थिक व अन्य सहयोग देने की घोषणा भी की। बैठक में सम्मेलन की व्यवस्थाओं,




आयोजन की रूपरेखा एवं जिम्मेदारियों को लेकर भी चर्चा की गई।

बैठक में प्रभुलाल बेनाडा, पन्नालाल प्रतिहार, भगवानलाल, हरलाल, रतिराम, वेदराज, रंजीत, मुकेश, फूलचंद, नंदलाल, रंगलाल, रामप्रसाद सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

# घने कोहरे में पलटी ट्रेवल्स बस, मांडल में बड़ा हादसा

## कम विजिबिलिटी बनी दुर्घटना की वजह, आधा दर्जन घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले के मांडल में घने कोहरे और बेहद कम दृश्यता के बीच रविवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। गुजरात के बारडोली से आसींद जा रही ट्रेवल्स बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में एक महिला गंभीर रूप से घायल हुई है, जबकि आधा दर्जन यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं।

जानकारी के अनुसार, बस किशनपुरा चौराहे के पास पुष्पा ब्रिक्स के समीप पहुंची ही थी कि अचानक ड्राइवर का संतुलन बिगड़ गया। चारों ओर घना कोहरा




छाया होने के कारण विजिबिलिटी बेहद कम थी, इसी दौरान बस सड़क से नीचे उतरते हुए पलट गई। हादसे के समय बस में करीब 30 यात्री सवार थे।

बस पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। सूचना मिलते ही मांडल थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया। हादसे में आसींद निवासी प्रेम देवी संचेती, गंभीर रूप से घायल बताई जा रही हैं, जबकि अन्य यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

पुलिस ने मौके पर राहत एवं बचाव कार्य संभालते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारू किया। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण घना कोहरा और कम विजिबिलिटी माना जा रहा है, वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।



QUICK BITES

## देवनारायण सागर बांध रिनोवेशन का भौतिक सत्यापन, 90 लाख से होंगे कार्य

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।



देवनारायण सागर बांध की फेस वॉल एवं नहर के रिनोवेशन कार्य का रविवार को भौतिक सत्यापन किया गया। यह कार्य डीएमएफटी फंड से स्वीकृत 90 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कार्यों की गुणवत्ता, संरचनात्मक मजबूती और तय मानकों की जांच की गई।

सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता रामप्रसाद मीणा ने मौके पर पहुंचकर फेस वॉल की मजबूती, नहर की संरचना और मरम्मत से जुड़े बिंदुओं का बारीकी से निरीक्षण किया तथा प्रगति रिपोर्ट तैयार की।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच राकेश खटीक ने विधायक गोपीचंद मीना का आभार जताते हुए कहा कि देवनारायण सागर बांध में लंबे समय से मरम्मत की आवश्यकता थी, जिसे विधायक के सतत प्रयासों से स्वीकृति मिली।

ग्रामीणों का कहना है कि रिनोवेशन पूरा होने से बांध की सुरक्षा बढ़ेगी, नहर के माध्यम से सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ होगी और क्षेत्र के किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने कार्य को समयबद्ध और

## विजयगढ़ मंडल में हिंदू सम्मेलन, 101 कलश यात्रा व भगवा रैली से गूंजा भारत माता की जय

भीलवाड़ा फोकस @ हिण्डोली ।



विजयगढ़ मंडल के पांच गांव विजयगढ़, नेहड़ी, नाडावा, रलायदा व तलोदा ने नेहड़ी में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया। जाल माता मंदिर से शुरू हुई 101 कलश यात्रा बणी के देवजी थान पर विधिवत विसर्जित हुई। भगवा ध्वज रैली डीजे की धुनों पर देशभक्ति गीतों व 'भारत माता की जय' के नारों के साथ निकाली गई।सम्मेलन की शुरुआत मां भारती की पूजा-अर्चना से हुई। पूज्य संत विष्णु दत्त शास्त्री दधिमती ज्योतिष अनुसंधान केंद्र, देराट, अजमेर ने हिंदू समाज को अपने संस्कारों व धर्म की रक्षा के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया और कहा कि धर्म की रक्षा से ही राष्ट्र की रक्षा होती है। मुख्य वक्ता चंद्रप्रकाश गौड़ विद्या भारती ने आजादी के क्रांतिकारियों व गुरु गोविंद सिंह के बलिदान को याद किया और कहा कि हिंदू जागेगा तो विश्व जागेगा। मातृशक्ति के रूप में निहाली गुर्जर ने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को लव जिहाद जैसी साजिश, समाज की कुरीतियों और मोबाइल के गलत उपयोग से सावधान रहने का संदेश दिया । कार्यकम में गुर्जर समाज जिला अध्यक्ष सौदान गुर्जर, धर्म प्रेमी रामकुवर ने भी अपने विचार व्यक्त किए । अंत में विजयगढ़ मंडल प्रभारी राम राय चौधरी और आयोजक मंडल समिति के अध्यक्ष भंवर लाल हूण ने सभी का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन किशन लाल ने किया ।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# विराट हिन्दू सम्मेलन का हुआ आयोजन, कलश यात्रा व झांकियों से बना धर्ममय माहौल

भीलवाड़ा फोकस @ लाडपूरा





भारिडा-श्यामगढ़ पंचायत मंडल में रविवार को भव्य विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। सम्मेलन के अवसर पर बागवाले कुएं से कलश यात्रा, प्रभात फेरियों का संगम तथा महापुरुषों की आकर्षक झांकियां सजाई गईं। भक्ति गीतों और जयकारों से पूरा क्षेत्र धर्ममय वातावरण में सराबोर हो गया।

कलश यात्रा और शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भगवान के भजनों पर झूमते हुए श्रद्धालु जयकारे लगाते चले, वहीं जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सर्व समाज के लोगों ने एकजुट होकर सहयोग किया, जिससे आयोजन ऐतिहासिक बन गया।

शोभायात्रा के दौरान श्री बजरंग व्यायाम शाला, सिंगोली द्वारा भव्य अखाड़ा प्रदर्शन किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया ।

शोभायात्रा का समापन बिहारी नाथ देवनारायण मंदिर पर हुआ, जहां आयोजित सभा में संत परमेश्वर महाराज के सान्निध्य में विधायक गोपाल खंडेलवाल, सम्मेलन अध्यक्ष कैलाश सोडाणी, मुख्य अतिथि चांदमल सोमानी तथा मातृशक्ति अध्यक्ष सोनू सोमानी की उपस्थिति रही। इस अवसर पर नंदलाल मेवाड़ा, मोड़ूलाल जांगिड़, मीना मीणा, नीतू मेवाड़ा, किरण धाकड़ सहित विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

# संघ शताब्दी वर्ष पर आकोला मंडल में विशाल हिन्दू सम्मेलन, एकता का दिया संदेश





भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

**(जसवंत पारीक)**। संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आकोला मंडल के आकोला, खजीना, चांदगढ़, होलीरड़ा, रघुनाथपुरा, रेबारियों की ढाणी, अडसीपुरा और इदोंकड़ा की झुपड़िया गांवों के ग्रामीणों की सहभागिता से रविवार को विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में क्षेत्रभर से समाजजनों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे आयोजन स्थल पर उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना रहा।

धर्मसभा संत रामप्रकाश दास महाराज के सान्निध्य में आयोजित हुई। अध्यक्षता जमना लाल जोशी ने की। महिला वक्ता के रूप में एडवोकेट ममता मीणा ने संबोधन दिया, जबकि मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में विजय ओझा उपस्थित रहे।


महिला वक्ता ममता मीणा ने कहा कि हिन्दू समाज में नारी को सदैव समानता, सम्मान और स्वतंत्रता के अवसर मिले हैं तथा आज महिलाएं हर क्षेत्र में सशक्त भूमिका निभा रही हैं। अध्यक्ष जमना लाल जोशी ने अपने उद्बोधन में हिन्दू समाज को संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया और समाज की एकता को संगठन की सबसे बड़ी शक्ति बताया। मुख्य अतिथि विजय ओझा ने कहा कि संघ शताब्दी वर्ष में आयोजित ऐसे सम्मेलन हिन्दू समाज की जागरूकता और एकजुटता के प्रतीक हैं।

इससे पूर्व मंडल क्षेत्र के गांवों से बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा सुबह 11:15 बजे छल महारानी मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा प्रारंभ की गई, जो प्रमुख मार्गों से होती हुई 1:15 बजे तेजाजी महाराज मंदिर प्रांगण पहुंची। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूलों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

अंत में समाज एकता और संस्कारों के संदेश के साथ मां भारती की आरती की गई तथा प्रसाद वितरण के साथ सम्मेलन का समापन हुआ।

# आसींद में विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर निकली भव्य शोभायात्रा

## शस्त्र संचालन, घुड़सवार दल, झांकियों, मातृशक्ति व अखंड भारत की रंगोली से धर्ममय हुआ नगर





भीलवाड़ा फोकस @ आसींद




विराट हिंदू सम्मेलन के उपलक्ष्य में रविवार को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्रीराम, देवनारायण, प्रताप एवं नरसिंह बस्तियों से होकर गुज़री इस शोभायात्रा में शौर्य, संस्कृति और सनातन परंपरा का प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिला। शस्त्र संचालन, कदमताल, घुड़सवार दल, आकर्षक झांकियां और केसरिया ध्वजों से सजा नगर वातावरण पूरी तरह धर्ममय नजर आया। शोभायात्रा के दौरान युवाओं ने शस्त्र संचालन और कदमताल के माध्यम से अपने शौर्य का प्रदर्शन किया। आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के विद्यार्थियों एवं युवाओं के बैंड दल ने लयबद्ध धुनों से माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। राजपूती वेशभूषा में सजी झांकियों और उनके पूर्वाभ्यास ने भी दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। नरसिंह बस्ती क्षेत्र में वाहन रैली, घुड़सवार दल तथा राजपूती महिलाओं द्वारा हाथों में तलवार लेकर सहभागिता करने का दृश्य आयोजन की भव्यता को और बढ़ाता नजर आया। विभिन्न बैंड, डीजे और झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी, महिलाएं, युवा और बच्चे शामिल हुए। पदाधिकारियों के अनुसार शोभायात्रा श्रीमाल वाटिका से प्रारंभ होकर हॉस्पिटल रोड, सेन बस्ती, नगर पालिका, शिव मंदिर, गांधी चौक एवं बड़ा मंदिर होते हुए पुनः श्रीमाल वाटिका पहुंची, जहां धर्मसभा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में बालक-बालिकाओं ने भी हाथों में केसरिया ध्वज लेकर उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।इसी दौरान नरसिंह बस्ती में आयोजित हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम में अखंड भारत की भव्य रंगोली लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी रही। श्रीमाल वाटिका परिसर में बनाई गई इस रंगोली ने अपनी कलात्मकता, संदेश और रंगों की सजीवता से सभी का ध्यान खींचा। इस विशेष रंगोली का निर्माण जैन समाज की बालिकाओं भावना कांठेड़, आर्ची चौरड़िया, रक्षिता कांठेड़, हर्षिता सिंघवी, आयुषी तोषनीवाल एवं दिव्या रांका द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। बालिकाओं ने रंगों के माध्यम से भारत माता के अखंड स्वरूप को उकेरते हुए राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया, जिसकी समाजजनों व अतिथियों ने सराहना की। सम्मेलन के दौरान संत-महापुरुषों, साध्वीजन एवं ओजस्वी वक्ताओं ने अपने प्रेरक उद्बोधनों से समाज को एकता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। जैन संतों, साध्वी मंडल, संघ प्रचारक, धार्मिक गुरुओं एवं आयोजन समिति के पदाधिकारियों के सान्निध्य में संपन्न हुए इस आयोजन में हजारों नगरवासी सहभागी बने। मंच संचालन सुनील बड़ौला एवं प्रेक्षा चौरड़िया द्वारा किया गया।

# अवैध बजरी परिवहन पर बड़लियास पुलिस की सख्ती, चार ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** बड़लियास थाना क्षेत्र में अवैध बजरी परिवहन पर पुलिस ने कड़ा रुख अपनाते हुए चार ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की हैं। क्षेत्र के गेगा का खेड़ा गांव के पास ये कार्रवाई की गई । थाना प्रभारी मुन्नीराम चोयल के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के निर्देश पर



अवैध बजरी खनन और परिवहन की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है । इसी दौरान पुलिस ने गेगा का खेड़ा गांव के पास से गुजर रही बनास नदी में दबिश दी, जहां अवैध रूप से बजरी ले जा रहे चार ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर थाने में खड़ा करवाया है । पुलिस ने मामले की खनन विभाग को सूचना दी है ।

# दाधीच मंडल की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिला दाधीच मंडल की नवनियुक्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजमल जोशी ने की। इस दौरान कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। नई कार्यकारिणी में महावीर शर्मा (उपाध्यक्ष), सत्यदेव त्रिपाठी (महामंत्री),



जगदीश शर्मा भगवानपुरा (कोषाध्यक्ष), कैलाश चंद्र शर्मा (विधि मंत्री), ओम दाधीच मिश्रा टीटोडा (प्रचार मंत्री) सहित शंकर लाल ओझा, रेखा कुदाल और दीपक शर्मा को सदस्य मनोनीत किया गया।

सभी पदाधिकारियों ने समाज हित में कार्य करने की शपथ ली।

वक्ताओं ने शिक्षा, संगठन की मजबूती और सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन पर जोर दिया।

# सवाईपुर में विराट हिन्दू सम्मेलन, जनसैलाब उमड़ा

## संघ शताब्दी वर्ष के तहत निकली भव्य कलशयात्रा, झांकियां बनी आकर्षण





**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के तहत रविवार को सवाईपुर मंडल केंद्र पर विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के अवसर पर भगवा रंग में रंगी भव्य कलशयात्रा व शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें दस गांवों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं, महिलाओं और ग्रामीणों की सहभागिता से पूरा क्षेत्र धर्ममय वातावरण में डूब गया। बड़े चारभुजा नाथ मंदिर, सवाईपुर से सुबह 10.15 बजे कलशयात्रा प्रारंभ हुई, जो ब्राह्मण मोहल्ला, गाड़री मोहल्ला, विद्युत ग्रीड, डसाणिया का खेड़ा बालाजी, सोपुरा रोड, मुख्य बस स्टैंड, सालरिया रोड व तेजाजी चौक होते हुए रड़ा की माताजी मंदिर पहुंची। लगभग तीन किलोमीटर लंबी शोभायात्रा का कस्बेवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया।

शोभायात्रा में प्रभातफेरी मंडली के साथ भारत माता, भगवान राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान, शिव और श्रीकृष्ण की सजीव झांकियों ने श्रद्धालुओं को आकर्षित किया। ढोल-नगाड़ों और जयकारों से कस्बा गूंज उठा। ढ़ेलाणा, सोपुरा, सालरिया, डसाणिया का खेड़ा, करेड़, सबलाजी का खेड़ा, जित्यास, कालिरड़िया और नोहरा गांवों से बड़ी संख्या में समाजबंधु कलशयात्रा के रूप में पहुंचे। रड़ा की माताजी परिसर में धर्मसभा का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्याम सुन्दर श्रोत्रिय ने की। मुख्य अतिथि व वक्ता के रूप में विश्व हिन्दू परिषद के विभाग मंत्री विजय ओझा उपस्थित रहे, जबकि महिला वक्ता के रूप में सुगना कुमारी जाट ने सभा को संबोधित किया।

महिला वक्ता सुगना जाट ने कहा कि हिन्दू समाज में नारी को सदैव समान अधिकार प्राप्त रहे हैं और आज महिलाएं समाज, शिक्षा, संस्कृति एवं राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में श्याम सुन्दर श्रोत्रिय ने समाज की एकता को सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि विजय ओझा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रवर्तित 'पंच परिवर्तन' को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। सम्मेलन का समापन समाज की एकता, संस्कार और राष्ट्रभक्ति के संदेश के साथ हुआ ।

# भव्य शोभायात्रा के साथ मेहरूकला में नौ दिवसीय धार्मिक महोत्सव का शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर ।**

क्षेत्र के मेहरूकला ग्राम में श्रीलक्ष्मी नृसिंह मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ सहित नौ दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का शुभारंभ रविवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में हुआ। आयोजन की शुरुआत भव्य शोभायात्रा के साथ की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 1 से 9 फरवरी तक चलने वाले इस धार्मिक महोत्सव की शुरुआत सुबह श्री तेजाजी चौक स्थित धार्मिक स्थल पर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके पश्चात नवनिर्मित श्री नृसिंह मंदिर चौक से कार्यक्रम संयोजक महंत हरिदास महाराज एवं मेहरुखुर्द भैरुधाम के उपासक लाल धागे सरकार के सान्निध्य में शोभायात्रा को रवाना किया गया। गाजे-बाजे के






साथ निकली शोभायात्रा ग्राम के प्रमुख मार्गों अमृत सागर, श्री चारभुजा मंदिर चौक, गढ़ चौक, सदर बाजार, उपरला बाजार, कहार बस्ती तथा तीज का चबूतरा चौक से होकर पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। शोभायात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाती हुई चल रही थीं, जिससे पूरा गांव भक्तिरस में डूब गया। अखाड़े बाजों द्वारा प्रस्तुत हैरतअंगेज करतबों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं भजन-कीर्तन करते श्रद्धालु हाथों में ध्वज-पताकाएं लेकर जय श्री राम के जयघोष करते आगे बढ़ते रहे। शोभायात्रा में संत-महात्मा, महंत तथा श्रद्धालु रथ, हाथी एवं घोड़ों पर सवार होकर शामिल हुए। श्रद्धालु सिर पर श्रीमद् भागवत धारण कर भक्ति भाव से जयकारे लगाते हुए चलते नजर आए। शोभायात्रा के स्वागत में गांववासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा की। पूरे गांव का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। जुलूस में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम स्थल पर हवन कुंडों में कई दंपतियों ने आहुतियां देकर धर्म लाभ अर्जित किया। साथ ही प्रारंभ हुई श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक रामदास महाराज ने कहा कि भागवत कथा सभी धर्मग्रंथों का सार है। इसके श्रवण से पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। धार्मिक आयोजनों में किया गया दान पुण्य जीवन में सुख-समृद्धि लाता है।

इस अवसर पर अनेक संत-महात्मा, श्रद्धालु एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# हिंदू सम्मेलन आयोजित, सामाजिक समरसता का दिया संदेश




**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।**

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सरसिया एवं खजूरी में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में विधायक गोपीचंद मीणा ने सहभागिता की और उपस्थित धर्मप्रेमी बंधुओं से संवाद किया। इस अवसर पर विधायक मीणा ने सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक एकता एवं राष्ट्रहित जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समाज में आपसी सद्भाव, सहयोग, नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने में ऐसे आयोजनों की अहम भूमिका होती है, जो समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं।

खजूरी में आयोजित हिंदू सम्मेलन में बालमुकुंदाचार्य की उपस्थिति से जनसमूह में विशेष उत्साह और जोश देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाया।

# मसानिया भैरुनाथ मंदिर में 2100 कौड़ी व गोमती चक्र का चोला अर्पित



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

रामेश्वरम से लाए गए 2100 कौड़ी एवं पवित्र गोमती चक्र श्री मसानिया भैरुनाथ मंदिर में विधिविधान से पूजा-अर्चना कर चोला चढ़ाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। मंदिर अध्यक्ष रवि कुमार सोलंकी ने बताया कि यह आयोजन क्षेत्र में सुख-समृद्धि और शांति की कामना हेतु किया गया। पूजा के पश्चात शेष कौड़ी एवं गोमती चक्र श्रद्धालुओं में प्रसाद स्वरूप वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

# श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में अभिषेक व शांतिधारा, मुनि विकसंत सागर महाराज ने दिया धर्मोपदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर बापू नगर में उपाध्याय मुनि विकसंत सागर महाराज के सान्निध्य में सुबह श्रीजी पर अभिषेक एवं शांतिधारा श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धर्मालुजन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर धर्मदेशना करते हुए मुनि विकसंत सागर महाराज ने कहा कि तीर्थंकर भगवान वही हैं जिन्होंने क्रोध, छल, लोभ और इच्छाओं पर पूर्ण विजय प्राप्त की है। उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर ही मानव जीवन का कल्याण संभव है। उन्होंने कहा कि श्रद्धा और भक्ति ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास, प्रेम और समर्पण से ही सच्ची बनती है। श्रद्धा ज्ञान की नींव है और भक्ति उस ज्ञान का अनुभव दोनों एक-दूसरे की पूरक हैं।

प्रचार मंत्री प्रकाश पाटनी ने बताया कि श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर ट्रस्ट के सचिव नंदलाल झांझरी सहित समाजजनों ने उपाध्याय मुनि विकसंत सागर महाराज को श्रीफल भेंट कर चंद्रशेखर आजाद नगर में पधारने का आग्रह किया।

# भीलवाड़ा से खाटूश्याम जी के लिए पैदल निशान लिए रवाना हुए श्याम भक्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



शास्त्री नगर स्थित श्याम मंदिर से खाटू श्याम जी के लिए पैदल निशान यात्रा हेतु श्याम भक्तों ने बाबा श्याम का निशान लेकर पैदल यात्रा आरंभ की। पंडित दिनेश गौड़ ने बताया कि फाल्गुन मेले के शुभ उपलक्ष में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्याम भक्तों द्वारा भीलवाड़ा से खाटू श्याम के लिए पैदल निशान यात्रा आरंभ हुई। यात्रा में भीलवाड़ा से पंडित दिनेश गौड़, विवेक शाह, अंकित रोहिवाल, विनय रोहिवाल आदि भक्त बाबा श्याम का निशान लिए शास्त्री नगर स्थित श्याम मंदिर से खाटू श्याम के लिए पैदल रवाना हुए। पद यात्री श्याम भक्त विवेक शाह ने बताया कि यह यात्रा लगभग 10 दिनों में संपूर्ण होगी जिसमें रायला से सुरजीत सिंह भाटी और किशनगढ़ सहित अन्य स्थानों से भी भक्त सम्मिलित होंगे। जिला युवा अग्रवाल सम्मेलन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने बताया कि युवा प्रदेश अध्यक्ष अमित नागोरी की प्रेरणा से युवा जिला अध्यक्ष दिनेश कामलिया, महामंत्री कृष्णा अग्रवाल सहित जय अग्रवाल, भरत अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, विवेक गोयल आदि सदस्यों द्वारा यात्रा मार्ग में बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करते हुवे श्याम भक्तों पर पुष्प वर्षा के साथ यात्रा की शुभकामनाएं दी एवं भक्तों का सम्मान किया गया।

# जीव दया प्रोजेक्ट के तहत श्री कृष्ण गोशाला में गौ सेवा कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**




जीवों के प्रति करुणा, संवेदना एवं मानवता के मूल्यों को समाज में सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद द्वारा जीव दया प्रोजेक्ट के अंतर्गत रविवार को हरनी महादेव रोड स्थित श्री कृष्ण गोशाला में गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान गौ माताओं को गुड़ एवं हरा चारा खिलाकर सेवा की गई। परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पूर्ण समर्पण भाव से गौ सेवा कर समाज में जीव दया, करुणा एवं संवेदनशीलता का संदेश दिया। इस सेवा कार्य में पारसमल जैन, मंजुला जैन, यश जैन, राजकुमार, सरिता जैन, अभिषेक पोखरना एवं नेहा पोखरना का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों सुनील बालर, ललित आंचलिया एवं तुषार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से अपने विचार व्यक्त किये । इस अवसर पर परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बंब, संरक्षक हेमंत कोठारी एवं मार्गदर्शक सीए महावीर गांधी ने भी अपने विचार रखे ।

कार्यक्रम में पूर्व पार्षद सुरेश बंब, परिषद के जिला महामंत्री मुकेश मेडतवाल, ललित लोढ़ा, शहर अध्यक्ष अंकित सोमानी, सुनीता गांधी, लीला कोठारी, अलका बंब, रानी कौशिक, ममता अग्रवाल, हर्षद कौशिक, आभास गोखरू, त्रिदेव मूंदड़ा, राहुल सोमानी सहित कई सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।